ग्रन्थार्थसंग्रहस्य विषयानुक्रमः

॥ श्रीश्रीगौरकृष्णाभ्यां नमः ॥

आशीरभिनन्दन ।

बड़े हर्ष का विषय है कि—श्रीवृन्दावनस्थ श्रीश्रीराधारमण देव सेवाधिकारी माननीय गोस्वामी श्रीगोपाललालजी महोदय के पौत्र आयुष्मान् श्रीकृष्णचन्द्र गोस्वामी की अभी किशोरावस्था में प्रथम परीक्षा पाठ्य पुस्तकों के पढ़ने में ही यह उपकार बुद्धि हुई कि—लघुकौमुदी पठनार्थी बालगति बालकों की सुविधा के लिये तद्भूत्य सूत्र वृत्ति वार्तिक प्रभृति का यथायुक्तार्थ हिन्दी में छपा कर प्रकाशित किया।

यद्यपि उक्ताचार्य—गोस्वामी वंश के ऊपर प्रथम से ही भगवती भारती का असाधारणानुग्रह था। इसके प्रमाण जागरूक हैं। तथाऽपि वर्त्तमान शताब्दी के शेष तृतीयांशके आरम्भ के प्रायः इस उन्नत वंश पर अनुग्रह के बदले कोप कहना सङ्गत प्रतीत होता है, क्योंकि स्वरूपानुकूल सर्वज्ञानमूल सकलपुमर्थ सम्पादनक्षम संस्कृत विद्या से वैमुख्य इस वंश में आगया है। यदि कुछ शिक्षा पिपासा किसी लौकिकाभिमन्ति में मृगतृष्णावत किसी बालक की होती भी है तो वर्त्तमान राजभाषा में, परन्तु खेदावसर है कि यह भी परीक्षोत्तीर्णता बोधक—पत्र प्राप्ति के लिये, न कि योग्यता के लिये,

ऐसे सांक्रामिक वातावरण में भी उक्त अनुवादक की प्रकृत विषय में प्रवृत्ति उत्साह रुचि सर्वथा ही प्रशंसनीय है।

यद्यपि इस अनुवाद में अनेक स्थान पर प्रमाद हुआ है परन्तु हमारी दृष्टि में यह क्षम्य है। भविष्यत् में जिज्ञासु बालकों की भ्रान्ति बचाने के लिये, अन्त में शुद्धिपत्र द्वारा ज्ञात शुद्धियों का संशोधन प्रकाशित करना अत्यावश्यक प्रतीत होता है।

शेष में जगदीश्वर से साञ्जलि प्रार्थना है कि अनुवादक श्रीकृष्णचन्द्र की आरोग्य के साथ दीर्घायुलोभ पूर्वक संस्कृत विद्या की समुचितोपासना में तीव्रासक्ति होवे और स्वरूप-विरोधि कुप्रवृत्तियों में दृढ़ घृणा बनी रहे।

इति शम्।

श्रीश्रीराधारमणजयन्ती वै० सं० १९९५ काशी	आशीर्वादक— साहित्यदर्शनाद्याचार्य तर्करत्न न्यायरत्न दामोदर गोस्वामी।

भारतवर्ष में जिस प्रकार अनेक विद्याओं का भण्डार इसी प्रकार यहां की व्याकरण प्रणाली भी अद्वितीय है। ार में रहकर जो व्याकरण से वंचित हैं। उसने नहीं जाना और इस प्रकार से मानो संसार में र्थक ही है। हमारे इस देश के पूर्वज महानुभाव दिव्य स्वभाव ालज्ञ महायोगियों ने जन्म ग्रहण करके अपने अनन्त ज्ञान की ेमा से इस जगत को अनन्त और अनादि जानकर अपने प्रतिहत योगबल से ब्रह्म विषयक साहित्य व्याकरण इत्यादि र्माण किये हैं। तभी से लेकर कितने ही वक्त, समय ने पलटा ाया परन्तु फिरभी आजकल हमारा भारतवर्ष रत्न भंडार के ाम से विख्यात है। उन्हीं अमूल्य रत्नों में से वरदराचार्य्य कृत घुसिद्धान्तकौमुदी भी है। इसका जो सामान यहां की विद्वत ण्डली में है वह भी किसी व्यक्ति से छिपा नहीं है। क्योंकि ाह्मणों के बालकों को अक्षरों का परिचय होते ही लघुकौमुदी की ाक्षा प्रारम्भ करदी जाती है। लघुकौमुदी में जो शब्द तथा ातुएं आई हैं उनके रूपों को याद करने के लिये कई ुस्तकें छप चुकी हैं परन्तु विद्यार्थियों को सूत्रों का अर्थ याद

करने में जितनी कठिनता पड़ती है, उसका अनुमान नहीं कर सकते हैं। अध्यापकों को भी [illegible] के विद्यार्थियों को पढ़ाने से ही समय नहीं मिलता दूसरे अनुत्तीर्णी के विद्यार्थी की प्रारम्भिक शिक्षा कमजोर होने के कारण कमजोर रहती अतः ऐसी अवस्था में विद्यार्थियों को बहुत कष्ट उठाना पड़ता है। ऐसी न्यूनता को देखकर आचार्य कृष्णानन्द गोस्वामी ने बड़े परिश्रम के साथ इस को दूर करने के लिये यह संग्रह नामक पुस्तक तयार की है, इसमें विद्यार्थी सरलता से सूत्र का अर्थ सुबोधार्थ तथा पर्यन्त प्रक्रियाओं में भी प्रत्ययान्त तक विग्रह वार कर अपने विद्यार्थियों को जितनी सरलता इस पुस्तक से मिलेगी उतनी …………। इस पुस्तक के संशोधन में व्याकरणा- पं० सीतारामजीशास्त्री साहित्य वेदान्तशास्त्री तथा व्याकरण पं० घोघेलालजी शास्त्री ने भी निरन्तर परिश्रम किया अतः धन्यवाद के योग्य हैं।

साहित्य दर्शनाचार्य—

तर्करत्न न्याय रत्नाचार्य

गोस्वामी दामोदर लालजी शास्त्री

बनारस।

समर्पण

पंडित चोखेलालजी शास्त्री व्याकरणतीर्थ

के

कर कमलों में सादर समर्पित है।

आपका—

[[illegible]]

श्री श्री कृष्णचैतन्य चन्द्राय नमः ।

अर्थ संग्रहः

❀ लघुसिद्धान्त कौमुद्याः प्रारभ्यतेऽर्थम् ❀

नत्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम् ।
पाणिनीय प्रवेशाय लघुसिद्धान्त कौमुदीम् ॥

अहं लघुसिद्धान्तकौमुदीं करोमि, किं कृत्वा, सरस्वतीं देवीं, नत्वा, कस्मै प्रयोजनाय पाणिनीयप्रवेशाय, कीदृशीं सरस्वतीं देवीं शुद्धाम्-पुनः कीदृशीं सरस्वतीं देवीं गुण्यामिति ।

अहं वरदराचार्य्यः, सिद्धोऽन्तो येषान्ते सिद्धान्ताः कौ पृथिव्यां मोदन्ते जना कुमुदः, कुमुदस्य इयं कौमुदी, सिद्धान्तानां कौमुदीव, (मोदनं मुत् कौ पृथिव्यां मुतः आनन्दो यस्मात् असौ कुमुद चन्द्रः तस्येयं शक्तिः कौमुदी) कौमुदी, सिद्धान्त कौमुदी, (लघ्वी चासौ सिद्धान्त कौमुदी, लघुसिद्धान्त कौमुदी ताम्) लघुसिद्धान्त कौमुदीम् , एतन्नामकग्रन्थम् , करोमि, विदधामि, किं कृत्वा सरस्वतीं देवीं नत्वा, प्रणम्य, कस्मै प्रयोजनाय (पणनं

श्री श्री कृष्णचैतन्य चन्द्राय नमः ।

अर्थ संग्रहः

॥ लघुसिद्धान्त कौमुद्याः प्रारम्भतेऽर्थम् ॥

नत्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम् ।
पाणिनीय प्रवेशाय लघुसिद्धान्त कौमुदीम् ॥

अहं लघुसिद्धान्तकौमुदीं करोमि, किं कृत्वा, सरस्वतीं देवीं, नत्वा, कस्मै प्रयोजनाय पाणिनीयप्रवेशाय, कीदृशीं सरस्वतीं देवीं शुद्धाम्-पुनः कीदृशीं सरस्वतीं देवीं गुण्यामिति ।

अहं वरदराचार्यः, सिद्धोऽन्तो येषान्ते सिद्धान्ताः कौ पृथिव्यां मोदन्ते जना कुमुदः, कुमुदस्य इयं कौमुदी, सिद्धान्त कौमुदीव, (मोदनं मुत् कौ पृथिव्यां मुतः आनन्दो यस्मात् कुमुद चन्द्रः तस्येयं शक्तिः कौमुदी) कौमुदी, सिद्धान्त (लघ्वी चासौ सिद्धान्त कौमुदी, लघुसिद्धान्त कौमुदी लघुसिद्धान्त कौमुदीम्, एतन्नामकग्रन्थम् . करोमि, कि किं कृत्वा सरस्वतीं देवीं नत्वा, प्रणम्य, कस्मै प्रयोजना

पणः सोऽस्यास्तीति पणी तस्य गोत्रापत्यं पाणिनी, पाणिनिना प्रोक्तं पाणिनीयं पाणिनि प्रणीतं व्याकरणं तस्मिन् बुद्धेः प्रवेशार्थ मिति) पाणिनीय प्रवेशाय, कीदृशीं सरस्वतीं देवीं शुद्धांशुद्ध-स्वरूपाम्, पुन कीदृशीं सरस्वतीं गुण्याम् (प्रशस्ता गुणा यस्याः सा ताम्) प्रशंसनीय गुणयुक्ताम् । अहम् (मैं वरदराचार्य) लघुसिद्धान्त कौमुदीं (लघुसिद्धान्त कौमुदी को) करोमि (बनाता हूँ) किं कृत्वा (क्या करके) सरस्वतीं देवीं (सरस्वती देवी को) नत्वा (नमस्कार करके) कस्मै प्रयोजनाय (किस प्रयोजन के लिये) पाणिनीय प्रवेशाय (पाणिनीय व्याकरण में प्रवेश होने के लिये ' कीदृशीं सरस्वतीं देवीम् (कैसी सरस्वती देवी है) शुद्धाम (शुद्ध स्वरूप वाली है) पुन. कीदृशीम् (पुन कैसी है) गुण्याम (प्रशंसनीय गुण वाली है) ।

अ इ उ ण् । ऋ ऌ क् । ए ओ ङ् । ऐ औ च् । ह य व र ट् । ल ण् । ञ म ङ ण न म् । झ भ ञ् । घ ढ ध ष् । ज ब ग ड द श् । ख फ छ ठ थ च ट त व् । क प य् । श ष स र् । ह ल् ॥

इति माहेश्वराणि सूत्राण्यणादि संज्ञार्थानि ।

महेश्वरात् आगतानि माहेश्वराणि इति, इस प्रकार महेश्वर से प्राप्त हुए जो चौदह सूत्र वे अण् अक् अच् अल् आदि संज्ञा के लिये हैं ।

अण् आदिर्यान्तोता अणादयः। अणादयश्चताः संज्ञाश्च

अणादि संज्ञाज्ञाभ्य इमानि, अणादि संज्ञार्थानि।

एषामन्त्या इतः।

इन चौदह सूत्रों के अन्त्य वर्ण इत्संज्ञक हैं।

हकारादिष्वकार उच्चारणार्थः

हकार आदि सूत्रों में जो अकार वह उच्चारण के लिये है।

लण् मध्ये त्वित्संज्ञकः।

लण् सूत्र के मध्य में जो अकार वह इत्संज्ञक है।

हलन्त्यम्। १। ३। ३॥

उपदेश अवस्था में जो अन्त्य हल वह इत्संज्ञक होय।

उपदेश आद्योच्चारणम्।

पाणिनि, कात्यायनि, पतञ्जलि, का जो आदि उच्चारण

कथन उसको उपदेश कहते हैं।

सूत्रेष्वदृष्टं पदं सूत्रान्तरादनुवर्तनीयं सर्वत्र।

सूत्रों में जो अदृष्ट पद वह अन्य सूत्रों से सब सूत्रों में

अनुवर्तन करना चाहिये।

अदर्शनं लोपः। १। १। ६०॥

विद्यमान का जो अदर्शन वह लोप संज्ञक होता है।

तस्य लोपः। १। ३। ९॥

इत् संज्ञक वर्णों का लोप होता है।

णादयोऽणाद्यर्थाः।

णकार आदि जो अनुबन्ध हैं वे अणादि संज्ञा के लिये हैं

आदिरन्त्येनसहेता १। १। ७१॥

अन्त्य इत् सहित करके सहित जो आदि वर्ण वह मध्य वर्णों की और अपनी संज्ञा का बोधक होता है।

यथाऽणिति अ इ उ वर्णानां संज्ञा

जैसे अण् कहने पर अ इ उ वर्णों की संज्ञा होती है।

एवमक् अच् हल् अलित्यादयः।

वैसे ही अक अच् हल हश् झर अल् आदि ब्यालीस प्रकार के प्रत्याहार जानना।

ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः १। २। २७॥

उ ऊ ऊ३ इन उकार त्रय के उच्चारण के सदृश उच्चारण काल है जिस अच का वह अच क्रम से ह्रस्व, दीर्घ प्लुत संज्ञक होता है।

स प्रत्येकमुदात्तानुदात्तस्वरितभेदेन त्रिधा ।

यह प्रत्येक अच उदात्त अनुदात्त स्वरित के भेद से तीन प्रकार का है ।

उच्चैरुदात्तः । १ । २ । २९ ॥

ताल्वादि सभाग स्थानों में ऊर्ध्व भाग से उच्चार्यमाण जो अच वह उदात्त संज्ञक होय ।

नीचैरनुदात्तः १ । २ । ३० ॥

ताल्वादि सभाग स्थानों में अधोभाग से उच्चार्यमाण जो अच वह अनुदात्त संज्ञक होय ।

समाहारः स्वरितः । १ । २ । ३१ ॥

उदात्तत्व, अनुदात्तत्व, वर्ण धर्म समाहित हों जिस अच में वह अच स्वरित संज्ञक होता है ।

स नवविधोऽपि प्रत्येकमनुनासिकाननुनासिकत्वाभ्यां द्विधा

और वह अच नौ प्रकार का होता हुआ भी प्रत्येक अच अनु-नासिक, अननुनासिक भेद से दो प्रकार का है ।

मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः १ । १ । ८ ॥

मुख सहित नासिका का उच्चार्यमाण जो वर्ण वह अनु-नासिक संज्ञक होता है ।

इ चु यशानां तालुः ।

इ, च, छ, ज, झ, ञ, य, श, इनका तालु स्थान है ॥

ऋ टु रषाणां मूर्धा ।

ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र,ष, इनका मूर्धा स्थान है ॥

ऌ तु लसानां दन्ताः ।

ऌ त थ, द, ध, न, ल, स, इनका दन्त स्थान है ॥

उ पू पध्मानोयानामोष्ठौ ।

उ, प, फ, ब, भ, म, उपध्मानियों का ओष्ठ स्थान है ॥

ञ म, ङ, ण, ना नां नासिका च

ञ, म, ङ, ण, न इनका नासिका स्थान है और चकार से अपने अपने वर्ग स्थानी कण्ठ तात्वादि स्थान भी है ॥

एदैतोः कण्ठ तालु ।

ए, और ऐ का कण्ठ तालु स्थान है ॥

ओदौतोः कण्ठोष्ठम् ।

ओ, और औ का कण्ठोष्ठ स्थान है ॥

वकारस्य दन्तोष्ठम् ।

वकार का दन्तोष्ठ स्थान है ॥

जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम् ।

तदित्थम्—अ इ उ ऋ वर्णानांप्रत्येकमष्टादशभेदाः

सो इस प्रकार अ इ उ ऋ यह प्रत्येकवर्ण अठारह प्रकार का होता है।

ऌवर्णस्य द्वादशः।

ऌवर्ण की बारह प्रकार की संज्ञा होती है॥

तस्य दीर्घाभावात्।

उसको दीर्घ न होने से॥

एचामपि द्वादशः।

एच् (ए, ओ, ऐ, औ) भी बारह प्रकार के हैं॥

तेषां ह्रस्वाभावात्।

उनके मध्य में ह्रस्व न होने से।

तुल्यास्य प्रयत्नं सवर्णम्। १। १। ९।

जिस वर्ण के ताल्वादि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न यह वर्ण परस्पर सवर्ण संज्ञक होता है॥

ऋ, ऌ वर्णयोर्मिथः सावर्ण्यवाच्यम्।

ऋकार और ऌकार की परस्पर सवर्ण संज्ञा कहनी चाहिए।

अकुह विसर्जनीयानां कण्ठः।

अठारह प्रकार के अ, कवर्ग (क, ख, ग, घ, ङ) हकार और विसर्ग इनका कण्ठ स्थान है॥

इ चु य शानां तालु ।

इ, च, छ, ज, झ, ञ, य, श, इनका तालु स्थान है ॥

ऋ टु र षाणां मूर्धा ।

ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष, इनका मूर्धा स्थान है ॥

लृ तु लसानां दन्ताः ।

लृ, त, थ, द, ध, न, ल, स, इनका दन्त स्थान है ॥

उ पू पध्मानीयानामोष्ठौ ।

उ, प, फ, ब, भ, म, उपध्मानियों का ओष्ठ स्थान है ॥

ञ म, ङ, ण, ना नां नासिका च

ञ, म, ङ, ण, न इनका नासिका स्थान है और चकार से अपने अपने वर्ग स्थानों कण्ठ ताल्वादि स्थान भी है ॥

एदैतोः कण्ठ तालु ।

ए, और ऐ का कण्ठ तालु स्थान है ॥

ओदौतोः कण्ठोष्ठम् ।

ओ, और औ का कण्ठोष्ठ स्थान है ॥

वकारस्य दन्तोष्ठम् ।

वकार का दन्तोष्ठ स्थान है ॥

जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम् ।

जिह्वामूलीय का जिह्वामूल स्थान है ॥

नासिकाऽनुस्वारस्य ।

अनुस्वार का नासिका स्थान है ॥

यत्नो द्विधा, आभ्यन्तरो बाह्यश्च ।

प्रयत्न दो प्रकार के हैं, आभ्यन्तर और बाह्य ॥

आद्यः पंचधा स्पृष्टेषत्स्पृष्टेषद्विवृतविवृतसंवृतभेदात् ।

प्रथम पांच प्रकार का है। स्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, ईषद्विवृत, विवृत, संवृत, भेद से ॥

तत्र स्पृष्टं प्रयत्नं स्पर्शानाम् ।

उन प्रयत्नों में स्पृष्ट, प्रयत्न स्पर्शों का है (क से म तक)

ईषत्स्पृष्टं मन्तःस्थानाम् ।

अन्तस्थों (य र ल व) का ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न है ॥

ईषद्विवृतमूष्मणाम् ।

ऊष्माओं (श ष स ह) का ईषद्विवृत प्रयत्न है ॥

विवृतं स्वराणाम् ।

स्वरों (अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ओ, ऐ, औ) का विवृत प्रयत्न है ॥

ह्रस्वस्यावर्णस्य प्रयोगे संवृतम् ।

ह्रस्व अवर्ण के प्रयोग में (अ, अ,) संवृत प्रयत्न होता है॥

प्रक्रिया दशायान्तु विवृतमेव।

साधनावस्था में विवृत का विवृत प्रयत्न हो जाता है॥

बाह्य प्रयत्नस्त्वेकादशधा।

बाह्य प्रयत्न ग्यारह प्रकार के हैं॥

* विवारः संवारः श्वासो नादो घोषोऽघोषोऽल्पप्राणो महाप्राण उदात्तोऽनुदात्तः स्वरित श्चेति *

विवार, सम्वार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त, स्वरितः भेद हैं॥

* खरो विवाराः श्वासा अघोषाश्च *

खर प्रत्याहारों का विवार श्वास, अघोष, प्रयत्न है॥

हशः संवारा नादा घोषाश्च।

हश प्रत्याहारों का संवार, नाद, घोष, प्रयत्न है॥

* वर्गाणां प्रथम तृतीय पंचमा यणश्चाल्पप्राणाः *

वर्गों (चवर्ग, पवर्गादि) के प्रथम तृतीय पंचम वर्ण (क, ग, ङ, इत्यादि) और यण (य र ल व) ये अल्पप्राण संज्ञक होते हैं।

वर्गाणां द्वितीय चतुर्थौ शल्श्च महाप्राणाः।

वर्गों के (कवर्गादि) द्वितीय चतुर्थ वर्ण (ख, घ इत्यादि
और शल प्रत्याहार (श ष स ह) ये महाप्राण संज्ञक होते हैं ।

कादयो मावसानाः स्पर्शाः ।

क से लेकर मकार पर्यन्त वर्ग स्पर्श संज्ञक हैं ॥

यणोऽन्तःस्थाः ।

यण प्रत्याहार (य र ल व) अन्तस्थ संज्ञक होते हैं ॥

शल ऊष्माणः ।

शल प्रत्याहार ऊष्मा संज्ञा वाले हैं ॥

अचः स्वराः ।

अच प्रत्याहार स्वर संज्ञक होते हैं ।

≍ क ≍ ख इति कखाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशो जिह्वामूलीयः

क ख, से पूर्व अर्ध विसर्ग सदृश चिन्ह जिह्वामूलीय संज्ञा
वाले हैं ।

≍ प ≍ फ इति पफाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृश उपध्मानीयः

प फ से पूर्व अर्ध विसर्ग सदृश चिन्ह उपध्मानीय संज्ञा वाले हैं ॥

अं अः इत्यचः परावनुस्वार विसर्गौ ।

अं अः इस अच से परे अनुस्वार और विसर्ग होते हैं ॥

[illegible] शास्त्रगतः [illegible] । [illegible] । ११ ॥

जो प्रकृति से किया जाय उसको प्रत्यय कहते हैं ॥

उसी का नाम विधीयमान, आदेश भी है। अविधीयमान जो अण् (प्रत्याहार) और उदित वे सवर्ण संज्ञा वाले हों ॥

अत्रैवाण् परेण णकारेण ।

इस सूत्र में ही अण् प्रत्याहार पर णकार तक जानना ॥

कु चु टु तु पु एते उदितः ।

कु चु टु तु पु ये उदित संज्ञा वाले होते हैं ॥

तदेवम् अ इत्यष्टादशानां संज्ञा ।

सो इस प्रकार अकार अठारह प्रकार की संज्ञा वाला होता है ॥

तथेकारोकारौ ।

उसी प्रकार इकार उकार भी अष्टादश प्रकार की संज्ञा वाले हैं ॥

ऋकार स्त्रिंशतः

ऋकार तीस प्रकार की संज्ञा वाला है। (क्योंकि परस्पर सवर्ण संज्ञा होने से ऋ की अठारह और लृकार की बारह प्रकार की संज्ञा को जोड़ने से कुल तीस होते हैं)

एवं लृकारोऽपि ।

इसी प्रकार लृ भी तीस प्रकार की संज्ञा वाला है ॥

एचो द्वादशानाम् ।

एच प्रत्याहार बारह प्रकार की संज्ञा वाले हैं ॥

अनुनासिकानुनासिकभेदेनयवलाद्विधा ।

अनुनासिक और अननुनासिक भेद से य, व, ल दो प्रकार के हैं ॥

तेनाऽननुनासिकास्तेद्वयोर्द्वयो स्संज्ञा ।

उस हेतु से अनुनासिक और अननुनासिक संज्ञ य व ल दो दो की संज्ञा को ग्रहण करने वाले होते हैं ॥

परः सन्निकर्षः संहिता । १ । ४ । १०६ ।

वर्णों की अति समता से जो सन्निधि (समीप समीप उच्चारण) वह संहिता संज्ञक होय ॥

हलोनन्तराः संयोगः । १ । १ । ७ ॥

अचों से रहित जो हल वर्ण हैं वह संयोग संज्ञा वाले होते हैं ।

सुप्तिङन्तं पदम् । १ । ४ । १४ ॥

सुबन्त और तिङन्त शब्द पद संज्ञक होते हैं ॥

इति संज्ञाप्रकरणम् ॥

॥ अथ अच सन्धि प्रकरणम् ॥

इकोयणचि ६ । १ । ७७ ॥

इक (अच्याचार) के स्थान में यण होय अच परे संहिता के विषय में ।

तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य । १ । १ । ६६ ॥

सप्तमी निर्देश करके क्रियमाण जो कार्य वह अन्य वर्णों से व्यवधान रहित पूर्व को जानना चाहिये ।

स्थानेऽन्तरतमः । १ । १ । ५० ॥

एक वर्ण के स्थान में जहां अनेक वर्णों की प्राप्ति हो वहां जो अत्यन्त सदृश हो वह ही आदेश होय ।

यत्रानेक विध मान्तर्यं तत्र स्थानतआन्तर्यंबलीयः ।

जहां अनेक विधी (स्थानार्थ गुण प्रमाणश्च) प्राप्त हो वहां स्थानकृत बलवान होती है ।

अनचि च । ८ । ४ । ४७ ॥

अच से परे यर को विकल्प से द्वित्व होय अच परे न होय तो

झलां जश् झशि । ८ । ४ । ५३ ॥

झलों को जश होय झश परे रहते ।

संयोगान्तस्य लोपः । ८ । २ । २३ ॥

संयोगान्त जो पद उसका लोप होय ।

अलोऽन्त्यस्य । १ । १ । ५२ ॥

षष्ठ्यन्त पद में निर्दिष्ट जो कार्य वह अन्त अल के स्थान में आदेश होय ।

यणः प्रतिषेधो वाच्यः ।

यणों के लोप का प्रतिषेध कहना चाहिये ।

एचोऽयवायावः । ६ । १ । ७८ ॥

एच् प्रत्याहारों को क्रम से अय्, अव्, आय्, आव् आदेश होय अच् परे रहते ।

यथासंख्य मनुदेशः समानाम् । १ । ३ । १० ॥

बराबर की विधी यद् यथा क्रम से होय ।

वान्तो यि प्रत्यये । ६ । १ । ७९ ॥

यकारादि प्रत्यय परे होय तो ओ, औ को अव्, आव् आदेश होय ।

अध्व परिमाणे च ।

मार्ग के परिमाण में यूति शब्द परे रहते गो शब्द के अवयव ओकार को अव् आदेश होय ।

अदेङ् गुणः । १ । १ । २ ॥

अ और एङ् प्रत्याहार गुण संज्ञक होय ॥

तपरस्तत्कालस्य । १ । १ । ७० ॥

त है परे जिससे और तसे परे उच्चार्य माण जो वर्ण वह समकाल का बोधक होता है ।

आद्गुणः । ६ । १ । ८७ ॥

अवर्ण से अच परे होय तो पूर्व परके स्थान में गुणरूप एकादेश होय ।

उपदेशेऽजनुनासिक इत् । १ । ३ । २ ॥

उपदेश अवस्था में अनुनासिक जो अच वह इत्संज्ञक होय।

प्रतिज्ञाऽनुनासिक्याः पाणिनीयाः ।

पाणिनीय, कात्यायनी, पतंजलि आदि मुनियों ने अनुनासिक जो वर्ण कहे हैं वे ही गुरुपरम्परा से अनुनासिक जाने जाते हैं।

लण्सूत्रस्थावर्णेन सहोच्चार्यमाणो रेफो रलयोः संज्ञा ।

लण सूत्र में स्थित अवर्ण के साथ उच्चार्यमाण जो रेफ वह र, ल की संज्ञा का बोधक होता है।

उरण् रपरः । १ । १ । ५१ ॥

ऋ की तीस प्रकार की संज्ञा कही है उसके स्थान में जायमान जो अण वह रपर होता हुआ प्रवृत्त हो।

लोपः शाकल्यस्य । ८ । ३ । १९ ॥

अवर्ण पूर्वक पदान्त के वकार यकार का लोप होय अश (प्रत्याहार) परे विकल्प से शाकल्य के मत में।

पूर्वत्रासिद्धम् । ८ । २ ॥ १ ॥

सपाद सप्ताध्यायी सूत्रों के प्रति त्रिपादी सूत्र असिद्ध है, और त्रिपादी सूत्रों में भी पूर्व सूत्र के प्रति पर सूत्र असिद्ध है

अथ संधिः

(अर्थात् १-१-१ सूत्र से ८।१ सूत्रों तक सपाद सप्ताध्यायी है और ८।२ से लेकर ८।४ तक के सूत्र त्रिपादी होते हैं।

वृद्धिरादैच् । १ । १ । १ ॥

आ और ऐच प्रत्याहार वृद्धि संज्ञक होय।

वृद्धिरेचि । ६ । १ । ८८ ॥

अवर्ण से एच परे पूर्व पर के स्थान में वृद्धि रूप एकादेश होय।

एत्येधत्यूठ्सु । ६ । १ । ८९ ॥

अवर्ण से एच (प्रत्याहार) है आदि में जिसके ऐसी गत्यर्थक (इणगतौ) एधति (एध धातु) और ऊठ शब्द परे हो तो पूर्व पर स्थान में वृद्धि रूप एकादेश होय।

अक्षादूहिन्यामुपसंख्यानम्।

अक्ष सम्बन्धि अवर्ण से परे ऊहिनी सम्बन्धी अच परे रहते पूर्व पर के स्थान में वृद्धि रूप एकादेश होय।

प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु।

प्र शब्द के अवर्ण से ऊह, ऊढ, ऊढि, एष, एष्य इनके अच परे रहते वृद्धि रूप एकादेश होय।

ऋते च तृतीया समासे।

अवर्ण से ऋत परे तृतीया समास में वृद्धिरूप एकादेश हो।

प्रवत्सतर कम्बल वसनार्ण दशानामृणे।

प्र, वत्सतर, कम्बल, वसन, ऋण, दशन इन शब्दों के

अच्सन्धिः

अवर्ण से ऋण शब्द परे होय तो वृद्धिरूप एकादेश होय।

उपसर्गाः क्रियायोगे । १।४।५६ ॥

प्र परादि क्रिया के योग में उपसर्ग संज्ञक होते हैं।

भूवादयो धातवः । १।३।१ ॥

क्रियावाची जो भूवादि वे धातु संज्ञक होते हैं।

उपसर्गादृति धातौ । ६।१।६१ ॥

अवर्णान्त उपसर्ग से ऋकारादि धातु परे होय तो पूर्व पर के स्थान में वृद्धिरूप एकादेश होय।

एङि पररूपम् । ६।१।६४ ॥

अवर्णान्त उपसर्ग से एङादि धातु परे हो तो पर रूप एकादेश होय।

अचोऽन्त्यादि टि । १।१।६४ ॥

अचों के मध्य में जो अन्त्य अच वह है आदि में जिसके वह समुदाय टी संज्ञक होय।

शकन्ध्वादिषु पर रूपं वाच्यम् ।

शकन्ध्वादियों में टी को पर रूप कहना चाहिये।

ओमाङोश्च । ६।१।६५ ॥

अवर्ण से ओम आङ परे रहते पर रूप एकादेश होय।

अन्तादिवत। ६।१।८५॥

जो यह एकादेश है वह पूर्व के अन्तवत् और पर के आदिवत् होता है।

अकः सवर्णे दीर्घः। ६।१।१०१॥

अक प्रत्याहार से सवर्ण अच परे पूर्व पर के स्थान में दीर्घ रूप एकादेश हो।

एङः पदान्तादति। ६।१।१०९॥

पदान्त एङ से अत परे पूर्व रूप एकादेश हो।

सर्वत्र विभाषा गोः। ६।१।१२२॥

लोक और वेद में एङन्त गो शब्द को प्रकृति भाव हो अत परे विकल्प से पदान्त में।

अनेकाल्शित्सर्वस्य। १।१।५५।

अनेकाल अल वाला आदेश और शित आदेश संपूर्ण के स्थान में होते हैं।

ङिच्च। १।१।५३॥

ङित जो अनेकाल आदेश वह अन्त्य को होय।

अवङ् स्फोटायनस्य। ६।१।१२३॥

पदान्तमें एङन्त गो शब्द को अवङ आदेश होय अच परे विकल्प से स्फोटायन के मत में।

इन्द्रे च। ६।१।१२४ ॥

गो शब्द को अवङ आदेश होय इन्द्र शब्द परे।

दूराद्धूते च। ८।२।८४ ॥

दूर से संबोध में (प्रेरणा करने में) वाक्य की जो टि वह प्लुत संज्ञक होय विकल्प से।

प्लुत प्रगृह्या अचि नित्यम्। ६।१।१२५ ॥

प्लुत संज्ञक और प्रगृह्य संज्ञक को नित्य ही प्रकृति भाव होय अच परे।

ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्। १।१।११ ॥

ईदन्त, ऊदन्त, एदन्त, जो द्विवचन वह प्रगृह्य संज्ञक होय।

अदसो मात्। १।१।१२ ॥

अदस शब्द के मकार से परे ईत ऊत प्रगृह्य संज्ञक हो।

चादयोऽसत्त्वे। १।४।५७ ॥

अद्रव्यार्थक चादि निपात संज्ञक हो।

प्रादयः। १।४।५८ ॥

अद्रव्यार्थक प्रादि भी निपात संज्ञक होय।

निपात एकाजनाङ्। १।१।१४ ॥

एक अच जो निपात वह आङ को छोड़ कर प्रगृह्य संज्ञक होय।

अर्थ संग्रहः

वाक्य स्मरण योरद्वित् ।

वाक्य और स्मरण में आड् डित भिन्न जानना चाहिये ।

ओत् । १।१।१५ ॥

ओदन्त जो निपात वह प्रगृह्य संज्ञक हो ।

सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे । १।१।१६ ॥

सम्बुद्धि निमित्तक ओकार प्रगृह्य संज्ञक होय अवैदिक इत परे विकल्प से शाकल्य के मत में ।

मय उञो वो वा । ८।३।३३ ॥

मय से परे उञ को वकार होय विकल्प से अच परे रहते

इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च । ६।१।१२७ ॥

पदान्त इक को ह्रस्व होय विकल्प से असवर्णी अच परे रहते शाकल्य के मत से ।

ह्रस्वविधि सामर्थ्यान्नस्वरसंधिः ।

ह्रस्व विधी सामर्थ्य से स्वर संधि नहीं होती है ।

अचो रहाभ्यां द्वे । ८।४।४६ ॥

अच से परे जो रेफ, हकार, उससे परे जो यर उसको द्वित्व होय विकल्प से ।

• नसमासे •

होय समास में ।

हलसन्धिः

ऋत्यकः । ६।१।१२८ ॥

पदान्त अक को ह्रस्व होय विकल्प से ऋत परे रहते ।

इत्यच्सन्धिः

ॐ अथ हल्संधि प्रकरणम् ॐ

स्तोः श्चुना श्चुः । ८।४।४० ॥

(दन्ती) सकार तवर्ग को (तालवी) शकार चवर्ग के योग में (तालवी) शकार और चवर्ग होय ।

शात् । ८।४।४४ ॥

(तालवी) शकार से परे तवर्ग को श्चुत्व न होय ।

ष्टुना ष्टुः । ८।४।४१ ॥

(दन्ती) सकार तवर्ग को (मूर्धनी) षकार टवर्ग के योग मे (मूर्धनि) षकार टवर्ग होय ।

न पदान्ताट्टोरनाम । ८।४।४२ ॥

पदान्त टवर्ग से परे नाम भिन्न (दन्ती) सकार तवर्ग को (मूर्धनि) षकार टवर्ग न होय ।

• अनाम्नवति नगरीणामितिवाच्यम् । •

पदान्त टवर्ग से परे नाम भिन्न नवति भिन्न नगरी भिन्न (दन्ती) सकार तवर्ग को (मूर्धनि) षकार टवर्ग का निषेध कहना चाहिये ।

तोःषि । ८।४।४३ ॥

तवर्ग को ष्टुत्व (टवर्ग) न होय षकार परे।

झलां जशोऽन्ते । ८।२।३९ ॥

पदान्त में झलों (प्रत्याहार) को जश (प्रत्याहार) होय।

यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा। ८।४।४५ ॥

पदान्त यर को अनुनासिक होय अनुनासिक परे विकल्प से

* प्रत्यये भाषायां नित्यम् *

प्रत्यय में और भाषा में पदान्त यर को नित्य ही अनुनासिक होय।

तोर्लि । ८।४।६० ॥

तवर्ग को लकार परे पर सवर्ण होय।

उदःस्थास्तम्भोः पूर्वस्य । ८।४।६१ ॥

उद् से परे स्था और स्तम्भ को पूर्व सवर्ण होय।

तस्मादित्युत्तरस्य । १।१।६७ ॥

पंचमी निर्देश करके विधीयमान जो कार्य वह अन्य वर्णों का व्यवधान रहित पर को होय।

आदेः परस्य । १।१ ५४ ॥

पर को विहित जो कार्य वह उसके आदि को होय।

झरोझरि सवर्णे । ८।४।६५ ॥

हल से परे झर का लोप सवर्णी झर परे रहते विकल्प से

खरि च । ८।४।५५ ॥

झलों को चर होय खर परे रहते ।

झयो हो ऽन्यतरस्याम् । ८।४।६२ ॥

झय से परे हकार को पूर्व सवर्ण हो विकल्प से ।

शश्छोऽटि । ८।४।६३ ॥

झय से परे शकार को छकार होय विकल्प से अट परे ।

* छत्वममीति वाच्यम् *

झय से परे शकार को छकार हो विकल्प से अम परे ।

मोऽनुस्वारः । ८।३।२३ ॥

मान्त पद को अनुस्वार होय हल परे होय तो ।

नश्चा पदान्तस्य झलि । ८।३।२४ ॥

अपदान्त नकार मकार को अनुस्वार हो झल परे होय तो

अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः । ८।४।५८ ॥

अनुस्वार को पर सवर्ण होय यय प्रत्याहार परे रहते ।

वापदान्तस्य । ८।४।५९ ॥

पदान्त अनुस्वार को पर सवर्ण होय यय परे विकल्प से।

मो राजि समः क्वौ । ८।३।२५ ॥

क्विबन्त राजति धातु परे रहते सम के म को म होय।

हे मपरे वा । ८।३।२६ ॥

म है परे जिससे ऐसा हकार परे होय तो म को म होय।

* यवल परे यवला वा *

य, व ल, है परे जिससे ऐसा हकार परे होय तो क्रम से य, व,ल, होय विकल्प से ।

न परे नः । ८।३।२७ ॥

नकार है परे जिससे ऐसा हकार परे रहते म को न होय विकल्प से।

आद्यन्तौ टकितौ । १।१।४६ ॥

टित कित जिसको होय क्रमसे आदि और अन्त के अवयव होते हैं।

ङ्णोः कुक् टुक् शरि । ८।३।२८ ॥

ङकार णकार को कुक टुक का आगम हो शर परे विकल्प से।

॰ चयो द्वितीयाः शरि पौष्करसादेरितिवाच्यम् ॰

चयों को द्वितीय अक्षर होय शर परे विकल्प से पौष्कर सादि के मत से।

ङः सि धुट्। ८।३।२६॥

डकार से परे सकार को धुट का आगम हो विकल्प से।

नश्च। ८। ३। ३०॥

नान्त से परे सकार को धुट का आगम हो विकल्प से।

शि तुक्। ८।३।३१॥

पदान्त नकार को शकार परे तुक का आगम हो विकल्प से।

ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्। ८। ३। ३२॥

ह्रस्व से परे जो ङम तदन्त जो पद उससे परे अच को ङुट् णुट् नुट् का आगम होय।

समः सुटि। ८। ३। ५॥

सम के मकार को रु होय सुट् परे।

अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा। ८। ३। २॥

यहां रु के प्रकरण में रु से पूर्ववर्ण को अनुनासिक होय विकल्प से।

अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः । ८ । ३ । ४ ॥

अनुनासिक को छोड़कर रु के पूर्ववर्ण से परे अनुस्वार का आगम होय ।

खरवसानयोर्विसर्जनीयः । ८ । ३ । १५ ॥

खर परे और अवसान परे पदान्त रेफ कूं विसर्ग होय ।

✲ सम्पुंकानां सोवक्तव्यः ✲

सम, पुम, कान शब्दों के विसर्गों को सकार होय ।

पुमः खय्यम्परे । ८ । ३ । ६ ॥

अम है परे जिसमे ऐसा खय परे होय तो पुम के म को रु होय ।

नश्छव्यप्रशान् । ८ । ३ । ७ ॥

अम है परे जिसमें ऐसा छव परे होय तो नान्त पद को रु होय प्रशान शब्द को छोड़ कर ।

विसर्जनीयस्य सः । ८ । ३ । ३४ ॥

खर परे विसर्गों को सकार होय ।

नॄन्पे । ८ । ३ । १० ॥

नॄन शब्द के नकार को रु होय पकार परे होय तो ।

अथ समदः

वा शरि । ८ । ३ । ३६ ॥

शर परें होय तो विसर्गों को विसर्ग होय विकल्प में ।

ससजुषो रुः । ८ । २ । ६६ ॥

पदान्त सकार और सजुष शब्द के सकार को रु होय ।

अतो रोरप्लुतादप्लुते । ६ । १ । ११३ ॥

अप्लुत अत से परे रु को उ होय अप्लुत अत परे रहते ।

हशि च । ६ । १ । ११४ ॥

अप्लुत अतसे परे रु को उ होय हश परें ।

भो भगो अघो अपूर्वस्य योऽशि । ८ । ३ । १७ ॥

भोपूर्वक भगोपूर्वक अघोपूर्वक अवर्णपूर्वक रु को य—
होय अश परें रहते ।

हलि सर्वेषाम । ८ । ३ । २२ ॥

भो पूर्वक भगो पूर्वक अघो पूर्वक अवर्ण पूर्वक य का
लोप होय हल परें रहते सबके मत में ।

रोऽसुपि । ८ । २ । ६९ ॥

अहन शब्द के नकार को रेफ होय, सुप परे न होय ।

रो रि । ८ । ३ । १४ ॥

रेफ का लोप होय रेफ परे होय तो ।

ॐ अथ अजन्तपुंल्लिंग प्रकरणम् ॐ

अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् १ । २ । ४५ ।

धातु प्रत्यय प्रत्ययान्त तदादि को छोड़ कर अर्थवान् जो शब्द स्वरूप वह प्रातिपदिक संज्ञक होय ।

कृत्तद्धितसमासाश्च १ । २ । ४६ ॥

कृदन्त, तद्धितान्त, समास भी प्रातिपदिक संज्ञक होय ।

स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्

ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप् । ४ । १ । २ ॥

सु औ जस, अम औट शस, टा भ्याम भिस, ङे भ्याम भ्यस, ङसि भ्याम भ्यस, ङस ओस आम, ङि ओस सुप, क्रम से प्रथमा द्वितीया तृतीया चतुर्थी पंचमी षष्ठी सप्तमी (विभक्ति) संज्ञक होय ।

ङ्याप्प्रातिपदिकात् ४ । १ । १ ॥

प्रत्ययः ३ । १ । १ ॥ परश्च ३ । १ । २ ॥

ङ्यन्त आबन्त और प्रातिपदिक शब्दों से परे स्वादि प्रत्यय होय ।

सुपः । १ । ४ । १०३ ॥

अर्थ

बहुषु बहुवचनम् । १ । ४ । २१ ॥

बहुत्व की विवक्षा में बहुवचन होय।

चुटू । १ । ३ । ७ ॥

प्रत्यय आदि जो चवर्ग टवर्ग वे इत्संज्ञक होय।

विभक्तिश्च । १ । ४ । १०४ ॥

सुप और तिङ विभक्ति संज्ञक होंय।

न विभक्तौ तुस्माः १ । ३ । ४ ॥

विभक्ति में स्थित तवर्ग सकार मकार यह इत्संज्ञक न।

एकवचनं संबुद्धिः २ । ३ । ४९ ॥

सम्बोधन में प्रथमा का एक वचन यह संबुद्धि संज्ञक।

यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम् १ । ४ । १३

जो प्रत्यय जिस शब्द से करते हो वह आदि में है जिसका ऐसा जो शब्द स्वरूप उस प्रत्यय के परे अंग संज्ञक होय।

एङ्ह्रस्वात्सम्बुद्धेः ६ । १ । ६९ ॥

एङन्त और ह्रस्वान्त अंग से परे संबुद्धि अवयव हल लोप होय।

अमि पूर्वः ६ । १ । १०७ ॥

अक से अम सम्बन्धि । अच परे पूर्वरूप एकादेश होय

लशक्वतद्धिते । १ । ३ । ८ ॥

तद्धित को छोड़कर प्रत्यादि ल-श कवर्ग इत्संज्ञक होय।

तस्माच्छसो नः पुंसि । ६ । १ । १०३ ॥

पूर्व सवर्ण दीर्घ से परे जो शस का सकार उसकूं नकार होय पुंल्लिंग में।

अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि ८ । ४ । २ ॥

अट् कवर्ग, पवर्ग आङ् नुम ये पृथक्-पृथक् हो या यथा सम्भव मिले हुए होवो र, ष से परे न को ण हो समान पद में।

पदान्तस्य । ८ । ४ । ३७ ॥

पदान्त नकार कूं णकार होय।

टाङसिङसामिनात्स्याः । ७ । १ । १२ ॥

अदन्त अंग से परे टा, ङसि, ङस इनको आन् स्य आदेश होय।

सुपि च । ७ । ३ । १०२ ॥

अदन्त अंग का दीर्घ होय यञादि सुप परें रहते।

अतो भिस ऐस् । ७ । १ । ९ ॥

अदन्त अंग से परे भिस् कूं ऐस् आदेश होय।

ङेर्यः । ७ । १ । १३ ॥

अदन्त अंग से परें ङे को य आदेश होय।

स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ । १ । १ । ५९ ॥

आदेश स्थानि के तुल्य हो यदि स्थानि अल के आश्रय विधि न होय सो।

बहुवचने झल्येत् । ७ । ३ । १०३ ॥

झलादि बहुवचन सुप परें रहतें अदन्त अंग को एकार होय।

वाऽवसाने । ८ । ४ । ५६ ॥

अवसान में झलों को चर होय विकल्प से।

ओसि च । ७ । ३ । १०४ ॥

अदन्त अंग को एकार होय ओस परें होय तो।

ह्रस्वनद्यापो नुट् । ७ । १ । ५४ ॥

ह्रस्वान्त, नद्यन्त और आबन्त अंग से परे आम् को नुट् का आगम होय।

नामि । ६ । ४ । ३ ॥

अजन्त अंग को दीर्घ होय नाम परें रहते।

आदेशप्रत्यययोः । ८ । ३ । ५९ ॥

इण कवर्ग से परे अपदान्त आदेश और प्रत्यय अवयव के सकार को (मूर्धन्य) षकार होय।

सर्वादीनि सर्वनामानि । १ । १ । २७ ॥

सर्वादि सर्व नाम संज्ञक होय।

जसः शी । ७ । १ । १७ ॥

अदन्त से परे सर्व नाम से विहित जस को शी होय।

सर्वनाम्नः स्मै । ७ । १ । १४ ॥

अदन्त से परें सर्वनाम से विहित ङे को स्मै आदेश होय।

ङसिङ्योः स्मात्स्मिनौ । ७ । १ । १५ ॥

अदन्त से परें सर्वनाम से विहित ङसि और ङि को स्मात् और स्मिन् आदेश होय।

आमि सर्वनाम्नः सुट् । ७ । १ । ५२ ॥

अवर्णान्त से परे सर्वनाम से विहित आम् को सुट् का आगम होय।

तस्येह पाठोऽकजर्थः ।

उभ शब्द का पाठ सर्वादि गण में अकच् प्रत्यय के लिये है, जिससे लक्षित में उभकौ आदि प्रयोग सिद्ध हैं।

उभयशब्दस्य द्विवचनं नास्ति ।

उभय शब्द में द्विवचन नहीं होता है।

उभयो मणिरुभयदेव मनुष्याः इतिभाष्यात्

इस भाष्य में उभयः, उभये इन प्रयोगों के देखने से।

स्वमज्ञातिधनाख्यायाम् । १ । १ । ३५ ॥

ज्ञाती और धन से अन्य वाची (आत्मीय, आत्मा वाची) स्व शब्द की गणसूत्र से प्राप्त जो सर्व नामसंज्ञा वह जस के परे विकल्प से होय । अर्थात् स्व शब्द के चार अर्थ हैं ज्ञाति, धन, आत्मीय, आत्मा" इनमें ज्ञातो, धन, वाची स्व शब्द की सर्वनाम संज्ञा नहीं होती है और आत्मीय (पुत्र) और आत्मा (स्वयम्) की सर्वनाम संज्ञा होती है । इससे ज्ञाति और धन वाची स्वशब्द के रामवत् रूप जानना और आत्मीय, आत्मा, में पूर्ववत् ।

अन्तरं बहिर्योगोपसंव्यानयोः । १ । १ । ३६ ॥

बाह्य और परिधानीय अर्थ में अन्तर शब्द की गणसूत्र से प्राप्त जो सर्वत्र सर्वनाम संज्ञा जस परे विकल्प से हो।

पूर्वादिभ्यो नवभ्यो वा । ७ । १ । १६ ॥

पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर, स्व, अन्तर इनसे परे ङसि, और ङि इनको क्रम से स्मात्, और स्मिन् आदेश होय विकल्प से ।

प्रथमचरमतयाल्पार्द्धकतिपयनेमाश्च । १ १ । ३३ ॥

प्रथम, चरम, तय (प्रत्यय) अल्प, अर्ध, कतिपय, नेम, ये शब्द भी सर्वनाम संज्ञक होंय जस परे विकल्प से ।

होय और दीर्घ, हि, आप, सदन्त से परे सु सम्बन्धि अपृक्त हल् का लोप होय।

नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य । ८ । २ । ७ ॥

प्रातिपदिकसंज्ञक जो पद उस पद के अन्त नकार का लोप होय।

सख्युरसम्बुद्धौ । ७ । १ । ९२ ॥

सखि शब्द के अंग से परे संबुद्धि को छोड़कर सर्व नाम स्थान णिद्वत् हो।

अचो ञ्णिति । ७ । २ । ११५ ॥

अजन्त अंग को वृद्धि होय ञित्णित् प्रत्यय परे।

ख्यत्यात्परस्य । ६ । १ । ११२ ॥

किया है यण आदेश जिनको ऐसे ह्रस्व खिति शब्द और तीर्य शीती शब्दों से परे ङसि ङस के अकार को उकार होय।

औत् । ७ । ३ । ११८ ॥

इकार से परे ङि को औत् आदेश होय।

पतिः समास एव । १ । ४ । ८ ॥

पति शब्द समास में ही घि संज्ञक होय।

बहुगणवतुडति संख्या । १ । १ । २३ ॥

बहु, गण, (शब्द) वतु डति (प्रत्यय) संख्या संज्ञक होय।

डति च । १ । १ २५ ॥

डत्यन्त संख्या वाची शब्द षट् संज्ञक है।

षड्भ्यो लुक् । ७ । १ । २२ ॥

षट संज्ञक शब्दों से परें जस् शस् का लुक् (लोप) होय।

प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुपः । १ । १ । ६१ ॥

लुक्, श्लु, लुप् शब्दो करके किया हुआ जो प्रत्यय का अदर्शन वह क्रम से लुक्, श्लु, लुप, संज्ञक होय।

प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम् । १ । १ । ६२ ॥

प्रत्यय का लोप होने पर प्रत्यय निमित्तक कार्य होय।

नलुमताऽङ्गस्य १ । १ । ६३ ॥

लुमता शब्द से प्रत्यय लोप होनेपर प्रत्यय निमित्तक अंग कार्य न होय।

युष्मदस्मत् षट् संज्ञकास्त्रिपु सरूपाः।

युष्मद्, अस्मद्, और षट्संज्ञक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में एकसे बनते हैं।

त्रेस्त्रयः । ७ । १ । ५३ ॥

त्रि शब्द को त्रय आदेश होय आम् परें होय तो।

त्यदादीनामः।७।२।१०२॥

त्यदादियों को अकार होय विभक्ति परें।

* द्विपर्यन्तानामेवेष्टिः *

त्यदादि द्विपर्यन्त होते हैं।

दीर्घाज्जसि च।६।१।१०५॥

दीर्घ से जस, इच् परें पूर्वसवर्णदीर्घ न होय।

यू स्त्र्याख्यौ नदी।१।४।३॥

नित्य स्त्रीलिंग वाची ईदन्त, ऊदन्त नदी संज्ञक हों।

* प्रथमलिङ्गग्रहणञ्च *

प्रथम स्त्री लिंग वाची शब्दों को उपसर्ग (गौड) न हं पर भी नदी संज्ञा कहनी चाहिये।

अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः।७।३।१०७॥

अम्बावाची और नदीसंज्ञक शब्दों को ह्रस्व हं संबुद्धि परें होय त।

आण् नद्याः।७।३।११२॥

नद्यन्त शब्दों से परें ङित वचन को आट का आगम।

आटश्च।६।१।९०॥

आट से अच परें वृद्धिरूप एकादेश होय।

अजन्त पुँल्लिङ्गाः

ङेराम्नद्याम्नीभ्यः ।७।३।११६॥

नद्यन्त, आबन्त और नी शब्द से परे ङि को आम हो।

अङ्यन्तत्वान्नसुलोपः।

ङीप की ईकार न होने से सु का लोप नहीं होता है।

अवीतन्त्रीतरीलक्ष्मीधीह्रीश्रीणामुणादितः

इत्यादि सप्त शब्दानां, सुलोपो न कदाचनः।

अवी, तंत्री, तरी लक्ष्मी, ह्री, धी, श्री. इन सात शब्दा के सु का लोप कभी नहीं होता है।

अचि श्नुधातुभ्रुवांय्वोरियङुवङौ ।६।४।७७॥

श्नु प्रत्यान्त इवर्णान्त, उवर्णान्त, धातु और भ्रू शब्द इनके अंग को इयङ उवङ आदेश होय अजादि प्रत्यय परें होय तो।

एरनेकाचोऽसंयोगपूर्वस्य ।६।४।८२॥

धातु का अवयव संयोग पूर्व नहीं है जिसके एसा जो इवर्ण तदन्त (इवर्णान्त) जो धातु ;तदन्त (धात्वन्त अनेकाच अंग को यण होय अजादि प्रत्यय परें रहते।

गतिश्च ।१।४।६०॥

प्रादि (प्र परा अप सम इत्यादि) क्रिया के योग में गतिसंज्ञक होय।

विभाषा तृतीयादिष्वचि । ७ । १ । ९७ ॥

अच प्रत्यय जिनके आदि में हो ऐसी तृतीयादि विभक्ति परें रहते क्रोष्टु शब्द तृच प्रत्ययान्त के तुल्य हो विकल्प से ।

ऋत उत् । ६ । १ । १११ ॥

ऋदन्त से परें उत एकादेश होय ङसि ङस के अत परें रहते ।

रात्सस्य । ८ । २ । २४ ॥

रेफ से परें संयोगान्त स का ही लोप होय अन्य का लोप न हो ।

● नुमचिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट् पूर्वविप्रतिषेधेन ●

नुम अचपरें र भाव तृज्वद्भाव इनसे पूर्व विप्रतिषेध करके नुट ही का आगम होव ।

अतिचमूशब्देतुनदीकार्य विशेषः ।

अतिचमु शब्द में तो नदीसंज्ञा का कार्य विशेष है ।

ओः सुपि । ६ । ४ । ८३ ॥

धातु का अवयव संयोग पूर्व में नहीं है जिसके, एसा जो उवर्ण (उवर्णान्त) तदन्त जो धातु (धात्वन्त) तदन्त अनेकाच अंग को यण होय अच सुप परें होय तो ।

वर्षाभ्वश्च । ६ । ४ । ८४ ॥

औकार से अम् शस् सम्बन्धि अचपरें रहते आकार एकादेश होय ।

रायो हलि । ७ । २ । ८५ ॥

रै शब्द के ऐकार को आकार आदेश होय हल विभक्ति परें रहते ।

॥ इत्यजन्तपुंल्लिङ्गाः ॥

❀ अथ अजन्तस्त्रीलिङ्ग प्रकरणम् ❀

औङ आपः । ७ । १ । १८ ॥

आवन्त अंग से परें औङ को, शी होय ।

औङित्यौकार विभक्तेः संज्ञा ।

औकार विभक्ति की ही औङ संज्ञा है ।

सम्बुद्धौ च । ७ । ३ । १०६ ॥

आप को एकार होय सम्बुद्धि परें रहते ।

आङि चापः । ७ । ३ । १०५ ॥

आङ ओस परें होय तो आप को एकार होय ।

तिसृ चतसृ शब्दों के ऋकार को रेफ आदेश होय अच विभक्ति परें।

गुणदीर्घोत्वानामपवादः ।

गुण, दीर्घ, उत्व का बाधक यह सूत्र है।

न तिसृचतसृ ।६।४।४॥

तिसृ चतसृ इन शब्दों को नाम परें दीर्घ न होय।

स्त्रियाः ।६।४।७९॥

स्त्री शब्द को इयङ् आदेश होय अजादि प्रत्यय परें।

वाम्शसोः ।६।४।८०॥

अम् शस् विभक्ति परें होयतो स्त्री शब्द को इयङ् आदेश विकल्प से।

नेयङुवङ्स्थानावस्त्री ।१।४।४॥

इयङ् उवङ् की स्थिति है जिनमें ऐसे जो ईदन्त, ऊदन्त नदी संज्ञक न होय, स्त्री शब्द को छोड़ कर।

वामि ।१।४।५॥

इयङ् उवङ् की स्थिति है जिनमें ऐसे जो स्त्रीलिंग वाची ईदन्त ऊदन्त नदी संज्ञक हो आम परे विकल्प से स्त्री शब्द को छोड़ कर

नपुंसकाच्च ।७।१।१९॥

क्लीव वाची शब्दों से परें औङ कूं शी आदेश होय।

यस्येति च ।६।४।१४८॥

ईकार और तद्धित परें भ संज्ञक इवर्ण और अवर्ण का लोप होय।

० औङः श्यां प्रतिषेधो वाच्यः । ०

औङ संबन्धी शी परें रहते "यस्येति च" सूत्र से प्राप्त लोप का प्रतिषेध कहना चाहिये।

जश्शसोः शिः ।७।१।२०॥

क्लीव वाची शब्दों से परें जस् शस् को शि होय।

शि सर्वनामस्थानम् ।१।१।४२॥

शि सर्वनाम स्थान संज्ञक होय।

नपुंसकस्य झलचः ।७।१।७२॥

झलन्त, अजन्त, क्लीव वाची शब्दों को नुम् का आगम होय सर्वनामस्थान परें होय तो।

मिदचोऽन्त्यात्परः ।१।१।४७॥

अचों के मध्य में जो अन्त्य अच उस अच से परें समुदाय का अन्त्यावयव मित कार्य होता है।

अजन्तनपुंसकलिङ्गाः

अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङुदात्तः । ७ । १ । ७५ ॥

अस्थि, दधि, सक्थि, अक्षि इनको उदात्त अनङ् आदेश होय टादि विभक्ति परे रहते ।

अल्लोपोऽनः । ६ । ४ । १३४ ॥

अंग का अवयव सर्वनाम भिन्न यजादि स्वादि विभक्ति परे जो अन उसके अकार का लोप होय ।

विभाषा ङिश्योः । ६ । ४ । १३६ ॥

अंग का अवयव सर्वनाम स्थान भिन्न यजादि स्वादि विभक्ति परे जो अन उसके अकार का लोप होय विकल्प से ङि और शी परे रहते ।

तृतीयादिषु भाषितपुंस्कं पुंवद्गालवस्य । ७ । १ । ७४ ॥

प्रवृत्ति निमित्त की एकता होने पर कहा है पुंलिंग में जिसको ऐसे इगन्त क्लीव वाची शब्दों का पुंवद्भाव (पुंलिंग-कासा रूप) होय विकल्प से टादि अच परे होय ।

एच इग्घ्रस्वादेशे । १ । १ । ४८ ॥

आदिश्यमान ह्रस्वो के मध्य में एचों को ह्रस्व होय ।

एकदेशविकृतमनन्यवत् ॥

जिसका एकदेश विकृत होगया हो वह अन्य के समान नहीं होता है ।

इत्यजन्तनपुंसकलिङ्गाः ॥

● अथ हलन्तपुंल्लिङ्ग प्रकरणम् ●

हो ढः । ८ । २ । ३१ ॥

हकार को ढकार होय झल परे वा पदान्त में।

दादेर्धातोर्घः । ८ । २ । ३२ ॥

उपदेश अवस्था में दकारादि धातु के हकार को घकार होय झल परे वा पदान्त में।

एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः । ८ । २ । ३७ ॥

धातु के अवयव एकाच झषन्त तदवयव बश को भष् भाव होय स, ध्व, परें वा पदान्त में।

वा द्रुहमुहष्णुहष्णिहाम् । ८ । २ । ३३ ॥

द्रुह् मुह् ष्णुह ष्णिह इन शब्दों के हकार को घकार होय विकल्प से झल परें वा पदान्त में।

धात्वादेः षः सः । ६ । १ । ६४ ॥

धातु के आदि षकार को सकार होय।

इग्यणः सम्प्रसारणम् । १ । १ । ४५ ॥

यण के स्थान में प्रयुज्यमान जो इक वह सम्प्रसारण संज्ञक होय।

वाह ऊठ् । ६ । ४ । १३२ ॥

... नामक वाह् के । सम्प्रसारण ऊठ् होय ।

सम्प्रसारणाच्च । ६ । १ । १०८ ॥

सम्प्रसारण से अच परें रहते पूर्वरूप एकादेश होय ।

चतुरनडुहोरामुदात्तः।७।१। ९८॥

चतुर् और अनुडुह् शब्द को उदात्त आम होय सर्वनाम स्थान परें।

सावनडुहः।७।१।८२॥

अनडुह् शब्द को नुम् का आगम होय सु परें।

अम्सम्बुद्धौ।७।१।९९॥

अनडुह् शब्द को अम् का आगम होय सम्बुद्धि परें।

वसुस्रंसुध्वंस्वनडुहांदः।८।२।७२॥

मान्त वस्वन्त और स्रंसादियों को दकार होय पदान्त में।

सहेःसाडःसः।८।३।५६॥

साडरूप सह् के सकार को (मूर्धनि) षकार होय।

दिव औत्।७।१।८४॥

दिव इस प्राति पदिक शब्द के वकार को औत आदेश सु परें होयतौ।

दिव उत् ।६।१।१३१॥

दिव् शब्द के अन्त वकार को उकार होय पदान्त में

पद् चतुर्भ्यश्च ।७।१।९५॥

पद् संज्ञक और चतुर् शब्दों से परे आम को नुट् आगम होय।

रषाभ्यां नो णः समानपदे ।८।४।१॥

रेफ और षकार से परे न को ण होय समान पद में

अचो रहाभ्यां द्वे । ८ । ४ । ४६ ॥

अच से परे जो रेफ, हकार उससे परे जो यर उ द्वित्व होय विकल्प से।

रोः सुपि ।८।३।१६॥

सप्तमी के बहुवचन में रु के ही रेफ को विस सुप परे।

शरोऽचि।८।४।४९॥

शर को द्वित्व न होय अच परे होयतो।

मो नो धातोः।८।२।६४॥

धातु के मकार को नकार होय पदान्त में।

किमः कः।७।२।१०३॥

किम शब्द को क आदेश होय विभक्ति परे।

हलन्त पुँलिङ्गाः

इदमो मः ।७।२।१०८॥

इदम् शब्द के मकार को म ही होय सु परे होय तो।

इदोऽयि पुंसि।७।२।१११॥

इदम् शब्द के इद् भाग को अय् आदेश होय सु परे लिङ्ग में।

अतो गुणे।६।१।९७॥

अपदान्त अकार से गुण परे रहते पररूप एकादेश होय।

दश्च।७।२।१०९॥

इदम् शब्द के दकार को मकार होय विभक्ति परे रहते।

त्यदादेः संबोधनं नास्तीत्युत्सर्गः।

त्यदादियों में सम्बोधन नहीं होता है।

अनाप्यकः।७।२।११२॥

ककार रहित इदम् शब्द के इद् भाग को अन् आदेश होय। आपविभक्ति (टासे सुप) परे रहते।

हलि लोपः।७।२।११३॥

ककार रहित इदम् शब्द के इद् भाग का लोप होय हलादि विभक्ति परे होय तो।

नानर्थकेऽलोऽन्त्यविधिरनभ्यासविकारे।

अभ्यास विकार को छोड़ कर अनर्थक विधि में "अलो-ऽन्त्यस्य" सूत्र नहीं लगता है।

कहना चाहिये। सूत्र में किया हुआ आत्व का निर्देश है वह अम् शस् के विषय आत्व को ज्ञापक करता है।

ऋत्विग्दधृक्स्रग्दिगुष्णिगञ्चुयुजिक्रुञ्चां च। ३।२।५९॥

ऋत्विक्, दधृक्, स्रक्, दिक्, उष्णिक्, अञ्च, युजि क्रुञ्च इनसे क्विन प्रत्यय होय, सुप उपपद होने पर अञ्च धातु में केवल युजि क्रुञ्च धातु में क्विन प्रत्यय होय और क्रुञ्च के नकार का अभाव निपातन से करते हैं।

कृदतिङ्। ३।१।९३॥

यहाँ धातु के अधिकार में तिङ्भिन्न जो प्रत्यय वह कृत् संज्ञक होय।

वेरपृक्तस्य।६।१।६७॥

अपृक्त वकार का लोप होय।

क्विन्प्रत्ययस्य कुः।८।२।६२॥

क्विन प्रत्यय जिस शब्द से करें उस शब्द के अन्त कवर्ग आदेश होय।

(अस्यासिद्धत्वाच्चोःकुरिति कुत्वम्)

"क्विन प्रत्ययस्य कुः" इस सूत्र को असिद्ध होने से 'चोः कुः' इस सूत्र से कुत्व होगया।

युजेरसमासे।७।१।७१॥

युज शब्द को नुम का आगम होय सर्वनाम स्थान परे असमास में।

चोः कुः । ८ । २ । ३० ॥

